epaper
हिन्दुस्तान

# दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

09/05/2022

**लखनऊ,कार्यालय संवाददाता।** राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री अब रफ्तार पकड़ने लगी है। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के चलते अब लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ रुख कर रहे हैं। जनवरी से लेकर अप्रैल तक में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी से इजाफा हुआ है।

ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में बीते चार महीने में तेजी से दुपहिया और चार पहिया ई वाहनों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए पंजीकरण में 75 फीसदी टैक्स में छूट भी दी जा रही है। एआरटीओ एके द्विवदी बताते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति अब लोगों में जागरूकता आ रही है। चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत होने पर इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री और तेजी से होगी।

**चार माह में बिक्री**

| माह | दो पहिया | चार पहिया |
|---|---|---|
| जनवरी | 212 | 11 |
| फरवरी | 250 | 43 |
| मार्च | 278 | 55 |
| अप्रैल | 332 | 90 |